दिन–शनिवार दिनांक– 25 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश के आठ लोकसभा क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर एक बजे तक छत्तीस दशमलव चार आठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे अधिक वैशाली में चालीस दशमलव चार आठ प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, शिवहर में अड़तीस दशमलव आठ नौ, पश्चिम चम्पारण में सैंतीस दशमलव सात पांच, पूर्वी चम्पारण में सैंतीस दशमलव पांच सात, वाल्मीकिनगर में छत्तीस दशमलव छह चार, महाराजगंज में चौंतीस दशमलव सात पांच, गोपालगंज में चौंतीस दशमलव छह पांच और सीवान में इकतीस दशमलव पांच नौ प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के रामनगर विधानसभा क्षेत्र के पच्चीस बूथों और वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र के उनतीस बूथों पर शाम चार बजे तक ही मतदान का समय निर्धारित है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत राज्य की आठ संसदीय सीटों पर आठ महिला प्रत्याशियों समेत कुल छियासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। सबसे अधिक बहुजन समाज पार्टी के सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, जदयू के चार, भाजपा के तीन, राजद के चार, कांग्रेस के दो और लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के एक उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पैंतीस निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। सीवान और वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है जबकि अन्य छह सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। वाल्मीकिनगर में जदयू के सुनील कुमार कुशवाहा और राजद के दीपक यादव के अलावा कांग्रेस के बागी प्रवेश मिश्रा चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। वहीं, सीवान में जदयू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हिना शहाब के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा हैं।

पूर्वी चंपारण में भाजपा के राधा मोहन सिंह और वीआईपी के राजेश कुमार के बीच मुख्य मुकाबला है। पश्चिम चंपारण में भाजपा के डॉक्टर संजय जायसवाल और

कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी आमने–सामने हैं। शिवहर में जदयू की लवली आनंद और राजद की रितु जायसवाल के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। वहीं, वैशाली में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की वीणा देवी को राजद के मुन्ना शुक्ला चुनौती दे रहे हैं। गोपालगंज में जदयू के आलोक कुमार सुमन और वीआईपी के प्रेमनाथ चंचल आमने–सामने हैं। महाराजगंज में भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और कांग्रेस के आकाश कुमार सिंह के बीच सीधी टक्कर है।

———————————————————————

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान जोरो पर है। इस चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीटों पर एक जून को मतदान होना है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के बिक्रम में पार्टी उम्मीदवार रामकृपाल यादव और काराकाट लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार उपेन्द्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। पाटलिपुत्र की सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले पिछड़ी जाति का आरक्षण खत्म करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के रहते यह कभी सम्भव नहीं है। श्री मोदी ने काराकाट की सभा में लालू प्रसाद और उनके परिवारवाद पर निशाना साधते हुये कहा कि राजद की लालटेन केवल एक परिवार को रौशनी देती है। श्री मोदी आज बक्सर में भी पार्टी उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

———————————————————————

इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आरा और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के साथ–साथ अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली कर रहे हैं। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी भोजपुर, नालंदा और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभाओं में भाग ले रहे हैं। वहीं, भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य काराकाट लोकसभा क्षेत्र के दाउदनगर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। विभिन्न स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों को छोड़कर अधिकतर स्थानों पर गर्मी का प्रकोप एक बार फिर बढ़ गया है।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।